कुलपति को फार्मेसी कक्षा में नहीं मिला एक भी छात्र

जागरण संवाददाता, देहरादून: वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विवि (यूटीयू) के कुलपति प्रो.ओंकार सिंह ने बुधवार को रुड़की स्थित आरसीपी फार्मेसी कालेज रुड़की, आइटीआर इंजीनियरिंग कालेज रुड़की व आरसीएम मैनेजमेंट संस्थान रिरकी का औचक निरीक्षण किया। तीनों संस्थाओं में कई खामियां देख कुलपति का पारा चढ़ गया।

निरीक्षण के दौरान जब कुलपति फार्मेसी कालेज की कक्षाओं में पहुंचे तो प्रथम वर्ष व चतुर्थ वर्ष के छात्र कक्षा में नहीं थे। कक्षाएं खाली मिली। द्वितीय वर्ष की कक्षा मे भी पंजीकृत 28 छात्रों की संख्या में से मात्र चार छात्र ही उपस्थित पाए गए। कक्षाओं की व्यवस्था देखा कुलपति ने तत्काल संस्थान प्रशासन से छात्रों के उपस्थित रजिस्टर मांगे तो वह भी नहीं बनाए गए थे। पता चला कि छात्रों को प्रयोगशाला भी नहीं भेजा जाता है। जबकि विवि का सत्र 16 अगस्त से शुरू हो चुका है। कुलपति ने संस्थान की फैकल्टी से उपस्थित रजिस्टर तैयार करवाए।

फार्मेसी कालेज जैसी स्थिति आइटीआर इंजीनियरिंग कालेज और आरसीएम मैनेजमेंट कालेज की भी निरीक्षण के दौरान सामने आई । तीनों कालेजों की स्थिति देख कुलपति बेहद नाराज हुए। उन्होंने कालेज प्रबंधन और कालेज प्रशासन को सख्त हिदायत दी कि एकेडमिक व्यवस्था को तत्काल सुधारा जाए,अन्यथा विश्वविद्यालय को संस्थानों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि छात्रों के भविष्य के साथ इस तरह का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विश्वविद्यालय को मजबूरन किसी अन्य विकल्प पर विचार करना पड़ेगा। कुलपति ने भविष्य के लिए चेतावनी दी कि तत्काल शैक्षणिक वातावरण को दुरुस्त करे और इस तरह की लापरवाही दोबारा पाई गई तो ऐसे संस्थानों के खिलाफ विश्वविद्यालय कार्रवाई करेगा।

उत्तराखण्ड
(उत्तराख